दिनांक–14.09.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल छह वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को झंडी दिखाकर करेंगे रवाना।
- पीएम जनमन अभियान में बालाघाट जिले की बैगा बस्ती में बनी देश की पहली सड़क, यहाँ बदलेगी विकास की तस्वीर।
- हिन्दी दिवस आज, गृह मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में करेंगे राजभाषा हीरक जयंती समारोह का शुभारम्भ।
- महाराजा विक्रमादित्य के नाम से न्याय के क्षेत्र में प्रदेश में शुरू होगा पुरस्कार। अगले साल 26 फरवरी से 05 जून तक मनाया जाएगा विक्रमोत्सव।

पी.एम.- वंदेभारत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल झारखण्ड के जमशेदपुर में छह वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाडियों को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इन एक्सप्रेस रेलगाडियों को टाटानगर रेलवे स्टेशन पर समारोह के दौरान रवाना किया जाएगा। ये रेलगाडियां झारखण्ड को अन्य राज्यों से जोडेंगी। ये रेलगाडियां रेलवे नेटवर्क में जारी आधुनिकीकरण और सम्पर्क बढाने की दिशा में सरकार का प्रयास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल जमशेदपुर में एक समारोह में झारखंड के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की पहली किस्त भी हस्तांतरित करेंगे।

बालाघाट सड़क

पीएम जनमन अभियान में बालाघाट जिले की बैगा बस्ती में देश की पहली सड़क का निर्माण हुआ है। इस सड़क का निर्माण कार्य इस साल 16 मार्च को शुरू हुआ। जो 26 अगस्त को पूर्ण हुई हैं। विभाग ने परसवाड़ा जनपद में 2 सड़के और बनाई है जो बैगा बस्तियों के 20 गाँव की करीब 3 हजार बैगा नागरिकों की रफ़्तार तय कर रही हैं। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने बताया पीएम जनमान योजना में अनेक काम किये जा रहे हैं।

इन सड़कों के निर्माण से इस क्षेत्र के करीब 3 हजार बैगा राशन दुकानों से सार्वजनिक वितरण प्रणाली का राशन पाएंगे। स्कूली विद्यार्थी स्कूल, किसान बाजार और मंडी तक सुविधाजनक रूप से आवागमन कर सकेंगे। वहीं मरीज भी स्वास्थ्य केंद्र तक और आम लोग मुख्य कस्बे से जुड़ गए हैं।

स्वच्छता सेवा अभियान

केंद्रीय आवासन और शहरी मामलों के मंत्री, मनोहर लाल ने घोषणा की कि सरकार इस वर्ष के स्वच्छता अभियान के अंतर्गत दो लाख स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों-सीटीयू को बदल देगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए इन सीटीयू स्थलों को जिला स्तर पर गैर-सरकारी संगठनों और विभिन्न संस्थानों द्वारा अपनाया जाएगा। श्री खट्टर ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के उद्घाटन समारोह में कल कहा कि सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक ही जगह सेवाएं प्रदान करने के लिए सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह अभियान देशभर में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। इस वर्ष का विषय है- स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता।

## डीडी नेशनल - 65वीं वर्षगांठ

डीडी नेशनल अपनी 65वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम दिल से दूरदर्शन DD@65 प्रसारित करेगा। यह कार्यक्रम रविवार सवेरे 10 बजे प्रसारित किया जाएगा। 15 सितंबर 1959 को अपनी स्थापना से लेकर अब तक डीडी नेशनल ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव देखे हैं और सार्वजनिक सेवा प्रसारण की प्रतिबद्धता बनाए रखी है।

## हिन्दी दिवस-शाह

देशभर में आज हिन्दी दिवस मनाया जा रहा है। 1949 में आज ही के दिन संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में हिन्दी को देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। हिन्दी विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में एक है और 52 करोड से अधिक लोगों की पहली भाषा है।

इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में राजभाषा हीरक जयंती समारोह और चौथे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। राजभाषा विभाग हिंदी के राजभाषा बनने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सम्मेलन का आयोजन कर रहा है।

## विक्रमोत्सव-2025

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा महाराजा विक्रमादित्य के नाम से न्याय के क्षेत्र में एक पुरस्कार प्रारंभ किया जाएगा। विक्रमोत्सव-2025 की रूपरेखा पर मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि महाराजा विक्रमादित्य ने दानशीलता, वीरता, सुशासन और न्यायप्रियता के अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किए थे। विक्रमोत्सव 26 फरवरी से 05 जून 2025 की अवधि में आयोजित होगा। विक्रमोत्सव के तहत जिलों में पर्यावरण, जलीय संरचनाओं के संरक्षण और संवर्धन की गतिविधियों, विक्रमोत्सव जल गंगा संवर्धन अभियान, सांगीतिक प्रस्तुति, सूर्य उपासना, महाकाल शिवज्योति अर्पणम् की रूपरेखा तैयार की गई है।

## पुलिस फ्लैग मार्च

प्रदेश के आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने, असामाजिक तत्वों में कानून का भय उत्पन्न करने और शांति एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से कल प्रदेश के सभी जिलों और थाना क्षेत्रों में पुलिस बल द्वारा फ्लैग मार्च किया गया।

डीजीपी सुधीर सक्सेना ने विगत दिवस वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी पुलिस अधिकारियों को फ्लैग मार्च किए जाने के निर्देश दिए थे।

फ्लैग मार्च में प्रदेश पुलिस बल के अधिकारी से लेकर आरक्षक, विशेष सशस्त्र बल और रेपिड एक्शन फोर्स का अमला, वज्र वाहन भी शामिल हुए।

## नेशनल लोक अदालत

प्रदेश में आज तीसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। भोपाल में कुल 59 खण्डपीठों का गठन किया गया है। मंडला जिला न्यायालय परिसर में आज नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा किया जाएगा। अशोकनगर जिले में 14 खंडपीठों का गठन किया गया है। नीमच जिले में 19 खण्डपीठों का गठन किया गया है।

मौसम

प्रदेश में जारी तेज बारिश का दौर थम गया है। हालाँकि बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब क्षेत्र के सक्रिय होने से 16-17 सितंबर से फिर भारी बारिश होने की सम्भावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिजीत चक्रवर्ती ने बताया कि फिलहाल कोई चेतावनी जारी नहीं की गयी है।

इस साल अभी तक भोपाल, ग्वालियर समेत 35 जिलों में बारिश का कोटा पूरा हो चुका है। प्रदेश में अब तक औसत 40 दशमलव 4 इंच बारिश हो चुकी है।

हॉकी-एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी

हॉकी में, गत चैंपियन भारत आज चीन में पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के अपने पांचवें और अंतिम पूल मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर एक बजकर 15 मिनट पर शुरू होगा। भारत लीग चरण में लगातार जीत के बाद पहले ही सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुका है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- पन्ना में केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक ने  कल भाजपा जिला कार्यालय में संगठन पर्व सदस्यता अभियान के लिए भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।
- सतना में चित्रकूट विकास प्राधिकरण की पहली बैठक में चित्रकूट विकास परियोजनाओं के कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश संबंधित कार्य एजेंसी को दिये गये हैं।
- शाजापुर जिले में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड विकास 2.0 प्रबंधन मिशन के सहयोग से आईटीसी मिशन सुनहरा कल व सीपा संस्था द्वारा जिला उन्मुखीकरण सहप्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- रायसेन स्थित आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो अधिकारियों द्वारा पोषण माह के अंतर्गत समाज में पोषण संबंधी जागरूकता के लिए एक पेड़ माँ के नाम अभियान में पौधारोपण किया गया।
- निवाड़ी जिले में आगामी पर्व और त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाये जाने के संबंध में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।
- एम्स भोपाल के पेडियाट्रिक्स विभाग द्वारा नवजात स्क्रीनिंग जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।

और

- आज डोल ग्यारस है। इस अवसर पर विष्णु भगवान के वामन अवतार की पूजा की जाती है। डोल ग्यारस के अवसर पर प्रदेश में आज चल समारोह निकाले जाएंगे।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल छह वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को झंडी दिखाकर करेंगे रवाना।
- पीएम जनमन अभियान में बालाघाट जिले की बैगा बस्ती में बनी देश की पहली सड़क, यहाँ बदलेगी विकास की तस्वीर।
- हिन्दी दिवस आज, गृह मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में करेंगे राजभाषा हीरक जयंती समारोह का शुभारम्भ।

- महाराजा विक्रमादित्य के नाम से न्याय के क्षेत्र में प्रदेश में शुरू होगा पुरस्कार। अगले साल 26 फरवरी से 05 जून तक मनाया जाएगा विक्रमोत्सव।

.................................